ICFRE–FRI DEHRADUN CELEBRATED INTERNATIONAL DAY OF FORESTS–2026

ICFRE–FRI Dehradun celebrated International Day of Forests–2026

Dehradun, March 20, 2026

On the occasion of International Day of Forests 2026, the Extension Division of the ICFRE–Forest Research Institute (FRI), Dehradun, organized a special programme on the theme *"Forests and Economy."* The initiative aimed to raise awareness among officers, scientists, students, and research scholars about the importance of forest conservation, enhancement, and sustainable use. The programme aims the role of forests, not only in maintaining ecological balance but also in supporting the nation's economy, livelihoods, and overall social development.

The event was graced by Smt. Richa Misra, Head, Extension Division FRI , who emphasized in her address the environmental, economic, and social significance of forests. Also that forests are indispensable for ecological stability while also contributing significantly to livelihood security and economic growth.

After her address,, a nature walk was conducted under the guidance of Dr. Anup Chandra, Scientist-G, and Dr. Praveen Kumar Verma, Scientist-D, from Botany Division, FRI with the tagline *"Know Your Forest Tree Species."* The activity took place in the Botanical Garden, The Botanical Garden at the Forest Research Institute (FRI) in Dehradun hosts a diverse collection of spectacular trees and plants, including exotic species like *Agathis robusta*, *Pinus roxburghii, Terminalia* spp. *Ficus krishnae*,. *Elaeocarpus sphaericus* (Rudraksh), and *Dillenia indica etc*. The experts told about the identification features as well as medicinal and economic use of species.

The programme concluded with a vote of thanks delivered by Shri Lokinder Sharma, Scientist 'C', who expressed sincere gratitude to the all the participants, and the organizing team for their valuable contributions toward the successful conduct of the event.

भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून ने अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस–2026 का आयोजन किया।

देहरादून, 20 मार्च, 2026

अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस–2026 के आयोजन के अवसर पर भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान (एफ.आर.आई), देहरादून के विस्तार प्रभाग द्वारा 20 मार्च, 2026 को "वन और अर्थव्यवस्था" विषय के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के बीच वनों के संरक्षण, संवर्धन एवं सतत उपयोग के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम में इस बात पर विशेष प्रकाश डाला गया कि वन न केवल पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, आजीविका और समग्र सामाजिक विकास को भी सुदृढ़ करते हैं।

इस अवसर पर विस्तार प्रभाग की प्रमुख, श्रीमती ऋचा मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन में उन्होंने वनों के पर्यावरणीय, आर्थिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वन पारिस्थितिक स्थिरता के लिए अनिवार्य हैं तथा आजीविका सुरक्षा और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

उनके संबोधन के पश्चात् "अपने वन वृक्ष प्रजातियों को जानें" (Know Your Forest Tree Species) विषय के अंतर्गत डॉ. अनुप चंद्रा, वैज्ञानिक–जी, एवं डॉ. प्रवीण कुमार वर्मा, वैज्ञानिक–डी के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में एक प्रकृति भ्रमण (नेचर वॉक) आयोजित किया गया। इस गतिविधि के माध्यम से प्रतिभागियों को विभिन्न वृक्ष प्रजातियों के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई, जिसमें उनके वैज्ञानिक एवं स्थानीय नाम, पहचान संबंधी विशेषताएँ, उपयोग तथा पारिस्थितिक एवं आर्थिक महत्व शामिल थे। उन्होंने सरल एवं रोचक ढंग से वृक्ष संरक्षण के महत्व को भी समझाया।

कार्यक्रम का समापन वैज्ञानिक 'सी', श्री लोकिन्दर शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने गणमान्य अतिथियों, विशेषज्ञों, प्रतिभागियों एवं आयोजन दल के प्रति कार्यक्रम के सफल आयोजन में उनके अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।